**भारत सरकार**

**वित्त मंत्रालय**

**व्यय विभाग**

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न संख्या – 961**

*सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)*

**जीएसडीपी के अनुपात में राज्यों का वर्तमान ऋण**

**961. श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2024-25 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के अनुपात में हरियाणा सहित सभी राज्यों का वर्तमान ऋण कितना है; और

(ख) पिछले दस वर्षों के दौरान सभी राज्यों के ऋण जीएसडीपी अनुपात का रुख क्या है?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट जिसका शीर्षक 'राज्य वित्त: वर्ष 2024-25 के बजट का अध्ययन' है, के अनुसार हरियाणा सहित सभी राज्यों के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) अनुपात में कुल बकाया देनदारियों का विवरण संलग्न **अनुबंध** में है।

(ख) आरबीआई की रिपोर्ट, शीर्षक 'राज्य वित्त: वर्ष 2024-25 के बजट का अध्ययन' के अनुसार पिछले दस वर्षों (मार्च अंत तक) के दौरान विधानसभा वाले सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों (यूटी) के ऋण का जीएसडीपी के अनुपात की प्रवृत्ति नीचे दी गई सारणी में है।

(प्रतिशत में)

| 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 (स.अ.) | 2025 (ब.अ.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23.7 | 25.1 | 25.1 | 25.3 | 26.6 | 31.0 | 29.1 | 28.2 | 28.5 | 28.8 |

********

दिनांक 10.02.2025 के लिए लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 961 के भाग (क) के उत्तर में सन्दर्भित

अनुबंध

जीएसडीपी के प्रतिशत के रूप में राज्यों की कुल बकाया देनदारियों का विवरण (मार्च के अंत तक)

(प्रतिशत में)

| क्र. सं. | राज्य | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 (स.अ.) | 2025 (ब.अ.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 24.5 | 37.2 | 29.2 | 30.3 | 33.2 | 36.1 | 33.1 | 33.1 | 34.3 | 34.7 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 30.9 | 28.5 | 31.0 | 33.3 | 40.4 | 46.1 | 48.7 | 51.4 | 56.1 | 57.0 |
| 3 | असम | 18.4 | 17.3 | 17.4 | 19.3 | 21.2 | 26.4 | 24.9 | 27.0 | 27.0 | 27.5 |
| 4 | बिहार | 31.4 | 33.0 | 33.5 | 32.0 | 33.3 | 40.1 | 39.8 | 39.3 | 38.9 | 37.3 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 17.4 | 16.5 | 19.5 | 21.1 | 25.0 | 28.4 | 25.9 | 23.5 | 28.2 | 29.1 |
| 6 | गोवा | 28.4 | 26.8 | 26.9 | 28.5 | 30.2 | 35.9 | 36.0 | 34.1 | 33.8 | 30.2 |
| 7 | गुजरात | 22.5 | 20.9 | 20.2 | 20.0 | 20.4 | 22.5 | 20.2 | 19.2 | 18.2 | 17.9 |
| 8 | हरियाणा | 25.0 | 26.6 | 26.2 | 26.8 | 29.7 | 33.8 | 32.2 | 31.4 | 30.6 | 30.4 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 36.1 | 37.6 | 36.8 | 36.6 | 39.1 | 45.4 | 42.7 | 45.2 | 45.2 | 45.2 |
| 10 | झारखंड | 27.6 | 28.5 | 28.8 | 27.4 | 30.5 | 36.8 | 30.2 | 28.4 | 26.7 | 26.6 |
| 11 | कर्नाटक | 17.8 | 17.5 | 18.4 | 19.4 | 21.0 | 25.7 | 25.5 | 25.1 | 25.4 | 26.5 |
| 12 | केरल | 28.9 | 30.2 | 30.9 | 30.9 | 32.9 | 40.3 | 38.9 | 37.9 | 37.2 | 36.8 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 23.6 | 24.0 | 23.8 | 23.5 | 22.8 | 30.7 | 29.8 | 29.4 | 30.2 | 31.6 |
| 14 | महाराष्ट्र | 17.9 | 18.0 | 18.4 | 17.4 | 18.1 | 21.0 | 19.3 | 18.1 | 18.3 | 19.0 |
| 15 | मणिपुर | 41.7 | 41.5 | 37.1 | 38.2 | 38.3 | 43.9 | 43.8 | 42.6 | 37.3 | 36.7 |
| 16 | मेघालय | 30.0 | 33.7 | 34.4 | 35.3 | 35.4 | 43.5 | 42.1 | 42.9 | 39.8 | 39.0 |
| 17 | मिजोरम | 46.7 | 38.9 | 38.9 | 34.9 | 36.0 | 42.7 | 41.0 | 37.2 | 34.9 | 31.6 |
| 18 | नगालैंड | 45.7 | 44.0 | 42.6 | 43.9 | 46.6 | 51.1 | 49.1 | 45.7 | 39.6 | 40.0 |
| 19 | ओडिशा | 19.9 | 18.3 | 23.4 | 21.2 | 26.8 | 26.1 | 19.9 | 19.5 | 16.0 | 16.3 |
| 20 | पंजाब | 34.4 | 42.8 | 41.4 | 41.4 | 42.8 | 47.9 | 45.4 | 47.1 | 46.7 | 46.6 |
| 21 | राजस्थान | 30.8 | 33.6 | 33.8 | 34.2 | 35.3 | 40.4 | 38.8 | 37.3 | 37.1 | 35.8 |
| 22 | सिक्किम | 24.1 | 22.7 | 22.8 | 24.1 | 25.3 | 29.2 | 30.5 | 31.3 | 33.0 | 35.0 |
| 23 | तमिलनाडु | 19.4 | 21.8 | 22.3 | 24.6 | 26.5 | 31.8 | 32.2 | 31.7 | 31.1 | 30.3 |
| 24 | तेलंगाना | 15.7 | 12.4 | 21.4 | 22.2 | 23.7 | 28.8 | 28.0 | 26.7 | 26.2 | 26.2 |
| 25 | त्रिपुरा | 28.8 | 30.0 | 30.6 | 30.3 | 33.6 | 40.2 | 36.0 | 31.4 | 28.5 | 27.9 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 33.9 | 36.7 | 35.9 | 35.9 | 32.3 | 36.6 | 32.6 | 30.4 | 30.9 | 31.8 |
| 27 | उत्तराखंड | 22.7 | 22.8 | 24.1 | 25.8 | 28.2 | 33.4 | 29.6 | 26.5 | 24.7 | 24.2 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 39.5 | 38.7 | 38.1 | 36.7 | 37.8 | 43.6 | 41.2 | 39.1 | 38.3 | 38.0 |
| | **स.अ.**: संशोधित अनुमान **ब.अ.**: बजट अनुमान | | | | | | | | | | |